
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

24 जनवरी 2026

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

डरपोक लोग ही इतिहास नहीं बनाते, इतिहास वे बनाते हैं जिनके पास साहस और दृष्टि होती है।

**इंदिरा गांधी**



राकेश कुमार

# दिवस विशेष
24 जनवरी

मधु प्रिया

## राष्ट्रगान का अंगीकार दिवस 24 जनवरी





भारत का राष्ट्रगान 'जन गण मन' है। ये एक ऐसा गाना है जो किसी भी देश के इतिहास और परंपरा को दर्शाता है। ये देश को एक अलग पहचान के साथ सभी देशवासियों को एकजुट भी करता है। 24 जनवरी, 1950 को संविधान सभा द्वारा'जन गण मन' के हिन्दी संस्करण को राष्ट्रगान के रूप में अपनाया गया था। उसी दिन से पूरे भारत वर्ष में इस दिन को राष्ट्रगान अंगीकार दिवस के रूप में हम सभी मनाते है। जन गण मन' राष्ट्रगान को रविन्द्रनाथ टैगोर ने बंगाली भाषा में लिखा था। राष्ट्रगान के गायन की अवधि 52 सेकेण्ड है, परन्तु कुछ अवसरों पर इसको संक्षिप्त में भी गाया जाता है, जिसमें केवल 20 सेकेण्ड ही लगते हैं क्योंकि उस समय राष्ट्रगान की पहली और अंतिम पंक्तियों को ही गाया जाता है। वर्ष 1911 तक भारत की राजधानी बंगाल हुआ करती थी। 1905 में जब बंगाल विभाजन हुआ तो आम जनता एवं आंदोलनकारी बंग-भंग आंदोलन का विरोध करने लगे, तब अंग्रेजो ने कलकत्ता के बदले दिल्ली को भारत की राजधानी बनाया। धीरे-धीरे भारतीयों के दिलों में स्वतंत्रता की भावना जागृत होने लगी थी और तभी कलकत्ता के एक कोने में एक गीत "जन गण मन अधिनायक जय हे" का जन्म हुआ जिसे तत्कालीन कवि रविंद्रनाथ टैगोर ने बंगाली में एक कविता के रूप में लिखा था।



हरिवंश राय बच्चन जी का जन्म 27 नवम्बर 1907 को

# जयंती विशेष 24 जनवरी




**कर्पूरी ठाकुर** (24 जनवरी 1921 - 17 फरवरी 1988) भारत के स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक एवं राजनीतिज्ञ थे। वे बिहार राज्य के दूसरे उपमुख्यमंत्री तथा दो बार मुख्यमंत्री रहे। लोकप्रियता के कारण उन्हें **जननायक** कहा जाता है। 23 जनवरी 2024 को उन्हें मरणोपरान्त भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारतरत्न से सम्मानित किया गया था।

# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

## (सुरक्षित शनिवार)

राकेश कुमार

## माह: January 2026

| | |
|---|---|
| **प्रथम शनिवार**<br>दिनांक 03.01.2026 | शीतलहर से खतरे एवं बचाव के बारे में जानकारी  |
| **द्वितीय शनिवार**<br>दिनांक 10.01.2026 | सड़क / रेल दुर्घटना से खतरे एवं बचाव के सन्दर्भ में जानकारी  |
| **तृतीय शनिवार**<br>दिनांक 17.01.2026 | भूकंप के संदर्भ में कौशल विकास एवं प्रशिक्षण तथा अभ्यास  |
| **चतुर्थ शनिवार**<br>दिनांक 24.01.2026 | बाल शोषण से बचाव एवं बाल विवाह तथा बाल अधिकार के बारे में जानकारी  |

**किसी माह पांचवे शनिवार पड़ने की स्थिति में बच्चों को स्वच्छता संबधित जानकारी देंगे एवं उसका अभ्यास करायेंगे।**

## बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

www.teachersofbihar.org



# न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के हाईएस्ट टी-20 टोटल

| स्कोर | मैदान | तारीख |
|---|---|---|
| 238/7 | नागपुर | 21 जनवरी 2026 |
| 234/4 | अहमदाबाद | 1 फरवरी 2023 |
| 208/6 | हैमिल्टन | 10 फरवरी 2019 |
| 204/4 | ऑकलैंड | 24 जनवरी 2020 |



राकेश कुमार

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **24.01.2026**

## दोहराव और अभ्यास

दोहराव **(Repetition)** और अभ्यास **(Practice)** सीखने और किसी कौशल में महारत हासिल करने के लिए आवश्यक हैं; दोहराव जानकारी को याद रखने में मदद करता है, जबकि अभ्यास उसे लागू करने और मजबूत करने का तरीका है, लेकिन सर्वोत्तम परिणामों के लिए अंतराल पर दोहराव **(Spaced Repetition)** (एक ही बार में सब कुछ करने के बजाय समय के साथ फैलाकर) और सही तरीके से अभ्यास करना महत्वपूर्ण है ताकि आदतें बन सकें और मस्तिष्क मजबूत हो सके।


# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



भारतीय क्रिकेट के युवा स्टार **अभिषेक शर्मा** ने टी20 क्रिकेट में एक और बड़ी **उपलब्धि** अपने नाम कर ली है। अभिषेक ने महज 165 पारियों में **5000** रन पूरे कर इतिहास रच दिया और इस दौरान **विराट कोहली** का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया।



राकेश कुमार


पद्य पंकज
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
कर्णधार तू बना तो हाथ में लगाम ले।
क्राति को सफल बना नसीब का न नाम ले।
भेद सर उठा रहा, मनुष्य को मिटा रहा
गिर रहा समाज, आज बाजुओं में थाम ले।
त्याग का न दाम ले,
दे बदल नसीब तो गरीब का सलाम ले।
गोपाल सिंह नेपाली
www.padyapankaj.teachersofbihar.org
Madhu priya

24 जनवरी 2026

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

उस व्यक्ति ने अमरत्व प्राप्त कर लिया है, जो किसी सांसारिक वस्तु से व्याकुल नहीं होता।



- स्वामी विवेकानंद

*Vishwa Vijay Singh*

www.teachersofbihar.org